अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 3 जुलाई 2024

**PAGE NO. 07 : BOTTOM**

# चिकित्सक ने कैंसर पर जीत का साझा किया अनुभव

डॉ. गुंजन को प्रमाणपत्र देते अतिथि। स्रोत : संस्था

बरेली। 23वें स्थापना वर्ष पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कैंसर स्क्रीनिंग और जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च व रेफरल) की डॉ. गुंजन मल्होत्रा ने कैंसर पर जीत का प्रेरणादायी अनुभव साझा किया।

मुख्य अतिथि कर्नल डॉ. गुंजन ने कहा कि अप्रैल 2020 में उन्हें ब्रेस्ट में गांठ का अनुभव हुआ। जांच में कैंसर की जानकारी हुई, लेकिन वह इससे डरीं नहीं। कोरोना महामारी के दौरान अकेले रहकर ही उपचार कराया। बचपन से ही डायबिटिक बेटे ने उन्हें हिम्मत दी और इलाज कराया। ध्यान से तनाव खत्म किया। जनवरी में मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में सब कॉन्टिनेंटल-2024 का खिताब जीता।

निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने डॉ. गुंजन को कैंसर विजेता प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. आरपी सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. सिद्धांत सिंह ने पैनल विमर्श में हिस्सा लिया। संचालन आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. पियूष कुमार ने किया। पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. एमएस चुटोला, डॉ. शरत जौहरी, डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी, डॉ. केशव मोहन झा, डॉ. रोहित शर्मा उपस्थित रहे। संवाद